परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Accredited A++ by NAAC
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 7770/ प0नि0का0 / 2024

दिनांक 03 / 04 / 2024

अधिसूचना

माननीया कुलपति जी के आदेशानुसार आगामी सम सेमेस्टर सत्र 2023–24 की **प्रायोगिक परीक्षाओं** हेतु निर्देशित करते हुए सभी सम्बन्धित को यह अवगत कराने के लिए कहा गया है कि, प्रायोगिक विषय वाले प्रश्न पत्रों मे जिनमें वाह्य एवं आन्तरिक परीक्षक अभी तक नियुक्त किये जाते रहे हैं, ऐसे विषयों के प्रायोगिक परीक्षा में सम्बन्धित महाविद्यालय के अनुमोदित शिक्षक आन्तरिक परीक्षक के रूप में प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करायेंगे, एवं वाह्य परीक्षक विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची से नियुक्त किये जायेंगे। जिसके लिए समस्त विभागों से वाह्य परीक्षक की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया जा चुका है। जिन महाविद्यालयों में सम्बन्धित विषय में अनुमोदित शिक्षक उपलब्ध नही होंगे, उनकी सूचना सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराते हुए, आन्तरिक परीक्षक नियुक्त किये जाने का अनुरोध किया जायेगा। आगामी सम सेमेस्टर सत्र 2023–24 की **प्रयोगिक परीक्षाओं** के लिए समयबद्ध तरीके से पोर्टल खोला जायेगा। जिसमें अंको को पोर्टल पर ससमय अपलोड कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में पोर्टल बन्द हो जाने की स्थिति में पुनः पोर्टल खुलवाये जाने के लिए आर्थिक दण्ड सहित ही पोर्टल खोला जाना सम्भव होगा। अतः समयबद्ध तरीके से प्रायोगिक / आन्तरिक परीक्षा के अंको को पार्टल पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करवाये जाने का कष्ट करें।

भवदीय
03/04/2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. समस्त सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2. समस्त सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
3. प्रभारी, एजेन्सी, इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय की लॉगिन पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. अधीक्षक, परीक्षा गोपनीय, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
5. वै0 सहायक, कुलसचिव।
6. प्रभारी, सचिव कुलपति, माननीया कुलपति जी के सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक

3/4/24
5:10 P.M